# 30 September 2022



Kumar Ramesh
Managing Director

Daily
Current Affairs
Booster

# Career Pathway

No. 1 COMPETITIVE EXAM PREP INSTITUTE

Follow us on

# Daily Current Affairs

IAS | HAS | NT
BANK | SSC | ALL COMPETITIVE EXAMS

Helpline & 98052-91450

## 30 सितंबर का इतिहास

- **1687 :** औरंगजेब ने हैदराबाद के गोलकुंडा के किले पर कब्जा किया।
- **1882 :** एप्लेटन में विश्व का पहला हाइड्रोइलेक्ट्रिक ऊर्जा संयंत्र शुरू हुआ।
- **1929 :** मनुष्य को ले जाने योग्य पहले रॉकेट ने उड़ान भरी।
- **1967 :** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मौद्रिक प्रणाली में सुधार किया।
- **1943 :** स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार रामानंद चैटर्जी का निधन हुआ।

## 30 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- मीना कंदासामी को हरमन केस्टन पुरस्कार का विजेता घोषित किया। यह पुरस्कार 15 नवंबर 2022 को डार्मस्टड में एक समारोह में दिया जाएगा। मीना कंदासामी एक नारीवादी और जाति विरोधी कार्यकर्ता है। वह लिंग, जाति, लैंगिकता, पितृसता और ब्राह्मणवादी व्यवस्था द्वारा उत्पीड़न से संबंधित मुद्दो पर काम करती है। उनके उपन्यासों को वीमेन प्राइज फॉर फिक्शन, अंतर्राष्ट्रीय डायलन थॉमस पुरस्कार, झलक पुरस्कार और हिंदु लिट पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन अपना दोहरा क्षुद्रग्रह पुनर्निदेशन परीक्षण मिशन लॉन्च करने वाला है। यह ग्रहों की रक्षा का पहली गतिज प्रभाव विधि है, जिसमें एक डार्ट अंतरिक्षयान क्षुद्रग्रह डिमोर्फोस से टकराएगा। गतिज प्रभाव विधि में एक या एक से अधिक बड़े, उच्च गति वाले अंतरिक्षयान को पृथ्वी के निकट कक्षीय पथ में भेजना शामिल है। यह क्षुद्रग्रह को एक अलग प्रक्षेपवक्र में विक्षेपित कर सकता है, इसे पृथ्वी के कक्षीय पथ से दूर ले जा सकता है। डार्ट की टक्कर से प्राप्त डेटा की तुलना वैज्ञानिकों द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कंप्यूटर सिमुलेशन के डेटा से की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि वास्तविक खतरनाक क्षुद्रग्रह के मामले में यह गतिज प्रभावकारी विधि एक व्यवहार्य विकल्प रहेगा या नही।
- वैज्ञानिकों ने कोरोना के वेरिएंट BA.2.75 में देखे गए अधिक म्यूटेशंस के कारण एंटीबॉडी में संभावित कमी को लेकर चिंता जताई है। BA.2.75 ओमिक्रॉन का नया सब वेरिएंट है। भारत में तीसरी लहर की वजह माने जाने वाले वेरिएंट को BA.2.75 के रूप में चिन्हित किया गया। इसके बाद देश में BA.2 को आगे सब वेरिएंट BA.2.74, BA.2.75 और BA.2.76 में वर्गीकृत किया गया।
- भारत ने अमेरिका के नेतृत्व वाले इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क की व्यापार संबंधी वार्ता से हाथ खींच लिया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने IPEF के व्यापार स्तंभ में शामिल नही होने की भारत के फैसले की पुष्टि की है।
- मेक इन इंडिया ने आठ वर्ष के पथ-प्रदर्शक सुधार कर लिये हैं और वर्ष 2022 में वार्षिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दोगुना होकर 83 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। यह पहल दुनिया भर के संभावित निवेशकों और भागीदारों को न्यू इंडिया की विकास गाथा में भाग लेने हेतु एक खुला निमंत्रण है।
- आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा एक वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ टॉयकैथॉन नामक प्रतियोगिता लॉन्च की गई। यह कचरे से खिलौने बनाने की एक अनोखी प्रतियोगिता है। यह खिलौनों के सृजन या विनिर्माण में कचरे के उपयोग के लिए समाधान की खोज करने का एक प्रयास है। यह व्यक्तियों और समूहों के लिए खुली रहेगी। इसका उद्देश्य सूखे अपशिष्ट का उपयोग करके खिलौनों के डिजाइन में नवोन्मेष लाना है।
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हिंडन एयर बेस पर AVGAS 100 LL लॉन्च किया। यह स्वदेशी रूप से विकसित विमानन ईंधन है। यह पिस्टन इंजन वाले विमान और मानव रहित एरियल वाहनों के लिए एक विशेष विमानन ईंधन है। इसे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा अपनी वडोदरा स्थित रिफाइनरी में विकसित किया गया है।
- शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के अभियोजक जनरल की इस बैठक के दौरान मुख्य तौर पर कानून व्यवस्था को बनाए रखने और संबंधी मामलों पर चर्चा की गई है। इसमें मुख्य तौर पर सदस्य देशों के अभियोजक, अटॉर्नी जनरल और वरिष्ठ कानून अधिकारी शामिल होते है। अभियोजक जनरल की 20वीं बैठक में भारत का नेतृत्व देश के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने किया है।
- डॉ. राजीव बहल आईसीएमआर के नए महानिदेशक और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव होंगे। डॉ. राजीव बहल वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मातृ, नवजात शिशु और किशोर स्वास्थ्य सह नवजात इकाई में अनुसंधान प्रमुख के रूप में काम कर रहे है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने डॉ. राजीव बहल की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पहले डॉ. बहल ने आईसीएमआर अतिसार रोग अनुसंधान के लिए उन्नत केंद्र में वरिष्ठ शोधकर्ता के रूप में काम किया था।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस (International Translation Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 28 सितंबर (B) 30 सितंबर

(C) 1 अक्टूबर (D) 2 अक्टूबर

**(B)** अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस प्रत्येक वर्ष 30 सितंबर को मनाया जाता है। 24 मई 2017 संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 30 सितंबर को यह अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी उसी के साथ यह प्रस्ताव भी पारित किया था। अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस का महत्व एक दूसरे से जुड़ने वाले राष्ट्रों में पेशेवर अनुवाद की भूमिका को पहचानना और उसकी सराहना करना है।




**2. हाल ही में राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय ग्रांडमास्टर्स ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर से 9 अक्टूबर तक कहाँ किया जाएगा ?**

(A) बीकानेर (B) जयपुर

(C) चुरू (D) बाड़मेर

**(A)** राजस्थान के बीकानेर में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय ग्रांडमास्टर्स ओपन शतंरज प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर 9 अक्टूबर तक किया जाएगा। प्रतियागिता में करीब 15 देशों के 300 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारत की ओर से पूर्व विश्व जूनियर एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त राजस्थान के अभिजीत गुप्ता को प्रथम वरीयता प्रदान की गई है। प्रतियोगिता में 30 लाख रूपये के ईनाम दिये जाएंगे। प्रतियोगिता दो चरणों में खेली जाएगी।



**3. हाल ही में किस महिला क्रिकेट खिलाड़ी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की ?**

(A) स्मृति मंधाना (B) हरमनप्रीत कौर

(C) पूनम यादव (D) झूलन गोस्वामी

**(D)** झूलन गोस्वामी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने अपना आखिरी मैच लॉर्ड्स में सीरीज के आखिरी वनडे में इंग्लैंड के खिलाफ खेला। झूलन गोस्वामी पश्चिम बंगाल की 39 वर्षीय तेज गेंदबाज है। उन्होंने भारत के लिए 12 टेस्ट, 68 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और 203 एकदिवसीय मैचे खेले।



**4. हाल ही में किस भारतीय सशस्त्र बल ने पर्वत प्रहार अभ्यास आयोजित किया ?**

(A) भारतीय नौसेना (B) भारतीय वायुसेना

(C) भारतीय सेना (D) BSF

**(C)** पर्वत प्रहार नाम से 20 दिनों तक चलने वाला अभ्यास वास्तविक नियंत्रण रखा पर गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में भारत और चीन के बीच विघटन प्रक्रिया के बीच आयोजित किया जा रहा है। भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने पर्वत प्रहार अभ्यास की समीक्षा की।



**5. नवजात मृत्यु दर कम करने के लिए किस राज्य सरकार ने सरकारी अस्पतालों में SAANS नामक वायु दाब मशीन का उपयोग करने की मंजूरी दी है ?**

(A) राजस्थान (B) असम

(C) तमिलनाडु (D) उत्तराखंड

**(B)** नवजात मृत्यु दर कम करने के लिए असम राज्य सरकार ने सरकारी अस्पतालों में SAANS नामक वायु दाब मशीन का उपयोग करने की मंजूरी दी है। SAANS एक पोर्टेबल नियोनेटल कंटीन्यूअस पॉजिटिव एयर प्रेशर सिस्टम है, जो अस्पताल की सेटिंग में और साथ ही यात्रा के दौरान शिशुओं को जीवन रक्षक सांस लेने में सहायता प्रदान कर सकता है।



**6. किस सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को 12वीं महारत्न कंपनी का दर्जा प्रदान किया गया है ?**

(A) भारतीय रेलवे वित्त निगम लिमिटेड, दिल्ली

(B) मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई

(C) महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, संबलपुर

(D) ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड, नई दिल्ली

**(D)** महारत्न कंपनी का दर्जा ऐसी कंपनियों को मिलता है जो स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड हो और जिसका सालाना टर्नओवर पिछले तीन साल में 25,000 करोड़ से अधिक हो। साथ ही पिछले तीन साल में इसकी औसत नेटवर्थ 15000 करोड़ रूपये से अधिक होनी चाहिए ओर औसत नेट प्रॉफिट 5000 करोड़ रूपये से अधिक होना चाहिए।



**7. रूपया व्यापार के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी पाने वाला पहला भारतीय बैंक कौनसा है ?**

(A) यूको बैंक (B) इंडियन बैंक

(C) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (D) केनरा बैंक

**(A)** भारत का सार्वजनिक क्षेत्र का ऋणदाता यूकों बैंक रूपया व्यापार के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी प्राप्त करने वाला पहला बैंक है। कोलकाता बेस्ड यह बैंक भारतीय रूपये में व्यापार निपटान के लिए रूस के गजप्रॉमबैंक के साथ एक विशेष वोस्ट्रो खाता खोलेगा।

UCO BANK

**8. उद्यम पूंजी और निजी इक्विटी के सामने आने वाले मुद्दों के समाधान के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा गठित समिति का प्रमुख कौन है ?**

(A) सुनील बंसल (B) कोमल शर्मा

(C) प्रमोद महाजन (D) एम.दामोदरन

**(D)** वित्त मंत्रालय ने सेबी के पूर्व प्रमुख एम. दामोदरन की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया, जो उद्यम पूंजी और निजी इक्विटी द्वारा निवेश को बढ़ाने के लिए नियामक मुद्दों को हल करने के उपायों की जांच करेगी और सुझाव देगी।



**9. आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची में कितनी दवाएं शामिल है ?**

(A) 255 (B) 384

(C) 395 (D) 569

**(B)** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची को लान्च किया। NLEM सस्ती गुणवत्ता वाली दवाओं की पहुंच सुनिश्चित करती है। और नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल पर जैब से खर्च को कम करने में मदद करती है।



**10. विश्व में विज्ञान के क्षेत्र में सबसे समृद्ध पुरस्कार कौनसा है ?**

(A) रमन मैग्सेस (B) नोबल पुरस्कार

(C) Denial Prize (D) Breakthrough Prize

**(D)** Breakthrough Prize पुरस्कार: सिलिकॉन वैली उद्यमियों केएक समूह द्वारा 2010 में शुरू किया गया था। इन पुरस्कारों की स्थापना सर्गेई ब्रिन, प्रिसिला चान और मार्क जुकरबर्ग, यूरी और जूलिया मिलनर और ऐनी वोज्स्की ने की थी। ये पुरस्कार विज्ञान में सबसे समृद्ध रूप से संपन्न पुरस्कार है, जिसकी पुरस्कार राशि नोबेल पुरस्कारों से अधिक है।

